## खास-खबरें

### ओंकारेश्वर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन के लिए हुई बैठक



ओंकारेश्वर (नि प्र)। तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में 22 मई को देश की एकता और अखंडता के प्रतीक के रूप में तथा भारतीय सेना के सम्मान में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। नगर परिषद कार्यालय ओंकारेश्वर में भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष वर्मा द्वारा बुलाई गई बैठक में निर्णय लिया गया कि यह तिरंगा यात्रा नगर परिषद, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, संत समाज, ब्राह्मण समाज एवं अन्य सभी समाज,श्री जी मंदिर ट्रस्ट, पत्रकार संघ, नाविक संघ, एनएचडीसी सहित कई जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं विभिन्न संगठनों के संयुक्त सहयोग से निकाली जाएगी।यात्रा का प्रारंभ ब्रह्मपुरी नया झूला पुल से भक्त निवास भक्त निवास से बलवाड़ी बाजार बैठक पुराना बस स्टैंड होते हुए पुराना झूला पुल जेपी चौक पर समापन किया जाएगा।

### चित्र पेंटिंग के जरिए आज भी लोग उस मंजर को कर रहे याद

**सेमरी हरचंद।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर भारत वीडियो का खून आज भी उसे घटना को याद कर खौल जाता है। जिसमें निहत्थे पर्यटकों पर आतंकवादियों ने गोलियां बरसाई की दिन में 26 लोगों की जान चली गई थी। इसका बदला लेने के लिए भारतीय सेना में ऑपरेशन सिंदूर चलाया। इसके बाद आतंकी एवं उनके ठिकानों को नष्ट किया था। परंतु उन बहनों का सिंदूर उजड़ गया, जिन्होंने मंडप के नीचे सात फेरे लेकर जीवन भर साथ जीने, मरने की कसमें खाई थीं। वह इस घटना को कभी भूल नहीं पाएंगे। आज भारत का हर नागरिक इस घटना के बाद दुखी है और परिवार को सांत्वना दे रहा है और यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि हम आपके साथ हैं। ऐसा ही सेमरी हरचंद स्टेशन रोड निवासी पल्लवी ठाकुर ने अपनी पेंटिंग के जरिए उन बहन की पेंटिंग बनाई। जिनकी मांग में सिंदूर माथे पर तिलक और आंखों से वह रहे आंसू भी दिखाए गए हैं। इस चित्रकला के जरिए पल्लवी ने इस घटना में जिन्होंने अपनी जान गवाई उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं और ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की। उनके द्वारा बनाए गए इस चित्र को लोग काफी पसंद कर रहे हैं

### स्टोर रूम के रूप में उपयोग लिया जा रहा हॉल तीर्थयात्रियों के उपयोग में लेंगे

**ओंकारेश्वर (नि प्र)।** तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में कोविड के समय से बंद पड़ा ज्योतिर्लिंग श्री ओंकारेश्वर मंदिर संस्थान का अधूरा विश्रामालय कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के निर्देश पर ज्योतिर्लिंग मंदिर संस्थान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं एसडीएम श्री शिवम प्रजापति द्वारा विश्रामालय भवन की चाकचौबंद व्यवस्था की गई है। जिससे सुसज्जित पलंग, कूलर, फॉल सीलिंग, विद्युत व्यवस्था, अटैच टॉयलेट सहित संस्थान के सेवादार इत्यादि इंतजाम किए गए हैं। एसडीएम श्री प्रजापति ने बताया कि कोविड के समय से ओंकार प्रसादालय स्थित यह भवन अधूरा पड़ा था, जिसे आम भक्तों के लिए एक सामान्य शुल्क पर सुविधाजनक रूप से तीर्थयात्रियों के हित में उपयोग में लाया जाएगा, जिसकी शुरुआत आज सोमवार से की गई है । उन्होंने बताया कि लगभग कोविड के समय यह भवन और यहां की रुकने की व्यवस्थाएं बंद थी। दूर-दूर से श्रद्धालु यहां आते हैं, जिसमें से कई लोग ऐसे भी होते हैं, जो अधिक शुल्क रात्रि विश्राम या कुछ घंटे रुकने हेतु चुकाने में असमर्थ होते हैं। उन्हीं की सुविधा के लिए यह व्यवस्था जरूरतमंद लोगों के लिए भी की गई है। इसका सभी तीर्थयात्री लाभ ले सकते हैं। 100 रुपए में रात्रि विश्राम और 50 रुपए में 4 घंटे यहां रुक सकेंगे। जिला प्रशासन का मूल उद्देश्य देश दुनिया से आने वाले भक्तों को अधिक से अधिक सरल सुविधा मुहैया कराना है, ताकि तीर्थयात्री यहां आकर अच्छा संदेश और एक अच्छा अनुभव लेकर जाएं।

# कब्रिस्तान में 3 महिलाओं की कब्रों के साथ हुई छेड़छाड़, तांत्रिक क्रिया का अंदेशा

खंडवा।



**नगर के बड़ा कब्रिस्तान में महिलाओं की कब्रों के साथ छेड़छाड़ का बड़ा मामला सामने आया है । यहां एक दो नहीं बल्कि तीन महिलाओं की कब्रों के साथ छेड़छाड़ की घटना बताई जा रही है। यही नहीं, परिजन का आरोप है कि यह सभी कब्रें करीब 50 साल की उम्र दराज महिलाओं की हैं, जो की इसी शुक्रवार दफनाई गई हैं ।**

वहीं परिजन का कहना है कि महिलाओं के शवों के साथ छेड़खानी भी की गई है, और सभी कब्रों को पैरों की तरफ से फर्शी हटाकर खोली गई थीं । साथ ही शव पर डले कफन के साथ भी छेड़छाड़ की गई है । इस मामले में कुछ परिजन के द्वारा तांत्रिक क्रिया किए जाने की भी आशंका जताई जा रही है । हालांकि मामले की जानकारी लगते ही खंडवा सीएसपी, तहसीलदार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल और मुस्लिम समाज के लोग कब्रिस्तान पहुंचे । जहां कोतवाली थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है । बता दें कि, कब्रिस्तान में सामान्यतः आम आदमी की आवाजाही नहीं रहती है । तो वही कब्र किसकी है, इसकी जानकारी केवल उसके परिजन को या कब्र खोदने वाले को ही रहती है । इसलिए किसी अन्य व्यक्ति का कब्रों के बारे में जानकारी जुटा पाना मुश्किल रहता है ।

वहीं इस मामले में कब्रस्तान में कब्र खोदने का काम करने वाले अब्दुल रहमान ने बताया कि, उन्हें सुबह जानकारी लगी थी कि, कब्रिस्तान में तीन कब्रों को किसी ने पैरों की तरफ से फर्शी हटाकर खोला है । कब्रों की चटाई भी हटी हुई थी और तीनों कब्र महिलाओं की थी । और क्योंकि यह तीनों कब्रें हाल ही की थीं, इसलिए यह किसी तांत्रिक क्रिया के चलते किया गया कार्य मालूम होता है । इधर कब्रिस्तान कमेटी के कोषाध्यक्ष जाहिद अहमद ने बताया कि, उन्हें जैसे ही जानकारी लगी, तब वे मौके पर पहुंचे । जहां तीन महिलाओं की कब्रें खुली हुई मिली । जो कि किसी शरारती तत्व या किसी तांत्रिक क्रिया के तहत खोली गई हो सकती हैं ।

हालांकि यहां मौजूद कुछ लोगों का मानना है कि, इन लाशों के साथ कोई गलत हरकत की गई होगी, क्योंकि महिलाओं के शव पर डले कफन भी अस्त व्यस्त पाये गए हैं । इसलिए इस तरह कि किसी घटना से भी इनकार नहीं किया जा सकता । हालांकि यह तो जांच के बाद ही सामने आएगा।

### छेड़खानी करने वाले व्यक्ति पर होगी कार्रवाई

इधर मामले की जानकारी देते हुए मौके पर पहुंचे खंडवा सीएसपी अभिनव बारंगे ने बताया कि, पुलिस को कुछ शव जो दफनाये गए थे, उनके साथ छेड़छाड़ की घटना होने की जानकारी मिली थी । जिस पर पुलिस तत्काल मौके पर जांच करने पहुंची थी, और परिजनों से भी संपर्क कर जानकारी जुटाई जा रही है । उनकी सहमति के आधार पर ही इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी । साथ ही यहां के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, और चौकीदार से पूछताछ की जा रही है, और जल्द ही यदि कोई छेड़खानी करने वाला व्यक्ति है, तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी । यहां तीनों कब्रें महिलाओं की हैं, और हाल फिलहाल कि इसी शुक्रवार की दफनाई हुई बताई जा रही हैं ।

## आदिगुरु शंकराचार्य जयंती पर पथरिया में हुआ व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

दमोह।

आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती के उपलक्ष में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय सभागार पथरिया में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें शंकराचार्य के जीवन दर्शन, अद्वैत वेदांत और उनके आदर्श जीवन आध्यात्मिक योगदान पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ शंकराचार्य के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरलाल चौरसिया, रमाकांत पौराणिक, सुशील कुमार नामदेव, उमाशंकर उपाध्याय, कृष्णा पटेल रहे । इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एमसीएमसीडीपी के विद्यार्थी सोनम राजपूत, ज्योति नेमा, मीना अहिरवार, अंकित पटेल द्वारा चित्र बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया गया ।

मुख्य वक्ता पंडित रमाकांत पौराणिक ने अपने उद्बोधन में आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन और कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शंकराचार्य जी का जन्म केवल एक संत या दार्शनिक के रूप में नहीं हुआ था, बल्कि वे भारतीय संस्कृति और आध्यात्म के पुनर्जागरण के प्रतीक थे।उन्होंने कहा कि शंकराचार्य जी ने मात्र 32 वर्ष के जीवनकाल में भारतवर्ष को एक अद्वितीय आध्यात्मिक एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। उनके द्वारा चार धामों में स्थापित मठ आज भी ज्ञान, साधना और भारतीय दर्शन के प्रमुख केंद्र हैं। अहम ब्रह्मास्मि के विचार को प्रतिपादित करते हुए उन्होंने बताया कि शंकराचार्य जी का अद्वैत वेदांत दर्शन आत्मा और परमात्मा की एकता का संदेश देता है, जो समत्व और विश्व बंधुत्व की भावना को जन्म देता है। जिला समन्वयक सुशील नामदेव ने कहा कि वर्तमान समय में अद्वैत वेदांत को पढ़ने की आवश्यकता है यदि हम उसका अध्ययन करते हैं तो सभी प्रकार के भेद खत्म हो जाएंगे शंकराचार्य जी का जीवन दर्शन हम सभी को प्रेरणा देने का काम करता है आज उनके कार्यों का अनुसरण करना आवश्यक है । ब्लाक समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय ने आदि गुरु शंकराचार्य के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान की बात रखी।

## कलेक्टर ने खनिज माफियाओं पर एक लाख बीस हजार का लगाया जुर्माना

छतरपुर।

**जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा जिले में अवैध रूप से खनिज भण्डारण और परिवहन पर लगातार कार्यवाहियां कर शिकंजा कसा जा रहा है।**

कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा विगत 19 मई 2025 को 4 अनावेदकों के खिलाफ अवैध रूप से उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने पर खनिज विभाग में दर्ज प्रकरणों में प्रतिवेदन के आधार पर कुल 1 लाख 20 हजार रुपए राशि की पेनाल्टी अधिरोपित कर सम्बन्धित को पेनाल्टी राशि जमा कराने के आदेश दिए गए है। जिसके अंतर्गत सभी अनावेदक के वाहन ट्रेक्टर द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण परिवहन करते पाए जाने पर वाहन जब्त कर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के नियम 18 (2) के उप-नियम (1) के प्रावधानों के अंतर्गत निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था। उक्त सम्बंधित पर प्रकरण दर्ज कर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। जिसके जवाब अनावेदक वाहन चालकों ने उपस्थित होकर दिए और बगैर ईटीपी खनिज उत्खनन, परिवहन व भंडारण के अपराध को स्वीकार किया।

उपरोक्त प्रकरणों में कलेक्टर श्री जैसवाल द्वारा सम्बन्धित के विरुद्ध पेनाल्टी राशि अधिरोपित कर अनावेदक वाहन चालकों द्वारा अर्थशास्ति व प्रशनन की राशि का भुगतान कर देने के उपरांत प्रकरण का प्रशमन कर वाहन मुक्त करने का खनिज विभाग को निर्देश दिया है।

### कार्य में लापरवाही बरतने के कारण उपयंत्री मालवीय को किया निलंबित

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता द्वारा बताया गया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत खण्डवा द्वारा जल गंगा अभियान अन्तर्गत मनरेगा योजना में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान पाया कि ग्राम पंचायत धारूखेड़ी जनपद पंचायत हरसूद अन्तर्गत मूल्यांकन करते हुए पूर्ण मजदूरी राशि का भुगतान किया जाना चाहिए था, परन्तु हरिप्रसाद मालवीय, उपयंत्री (ग्रा.यो. से.) द्वारा ऐसा नहीं किया गया। कलेक्टर गुप्ता ने बताया कि जल गंगा अभियान अन्तर्गत मनरेगा योजना में किये जा रहे कार्यों को जूम मीटिंग एवं समीक्षा बैठकों में गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में पूर्ण किये जाने के संबंध में निर्देश लगातार दिये जा रहे थे, जिसका पालन भी उपयंत्री मालवीय द्वारा नहीं किया गया। पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं उदासीनता बरतते हुए अपने वरिष्ठ अधिकारी के आदेश/निर्देशों की अवहेलना की गई है। उपयंत्री हरिप्रसाद मालवीय को शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलम्बन काल में उनका मुख्यालय कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत खण्डवा नियत किया गया है। निलम्बन काल में इन्हें मूलभूत नियम-53 के अन्तर्गत नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

## गौरक्षकों पर जानलेवा हमला को लेकर जनआक्रोश सड़क पर उतरे गौरक्षकों ने निकाली रैली

खरगोन।




जिले में गौतस्करी के मामलों और रोकटोक करने पर गौरक्षकों पर किए गए प्राणघातक हमले के बाद गौतस्करों के जनआक्रोश पनपने लगा है।

मंगलवार को खरगोन में हिंदू संगठनों ओर गौरक्षकों ने संयुक्त रुप से जनआक्रोश रैली निकाली। रैली एसपी ऑफिस पहुंची, जहां 8 सुत्रीय मांगों का एक ज्ञापन सौंप 3 दिन में मांगें पूरी नही होने पर उग्र आंदोलन चेतावनी दी गई है

गौरक्षक राजू सोनी, हरिओम यादव आदि ने बताया जिले में गौवंश तस्करी चरम पर है, लेकिन पुलिस इसे रोक नही पा रही। 15-16 मई की दरमियानी रात खंडवा- बड़ौदा हाईवे स्थित ग्राम लाखी में गौवंश से भरे पिकअप को रोकने के दौरान एक अन्य पिकअप वाहन चालक ने गौरक्षको को टक्कर मारी थी। इसमें सतीष राठौर और राजा चौहान गंभीर रुप से घायल हुए है, जिनका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। गोगावां थाना प्रभारी के निलंबन, गौतस्करी के आरोपियों पर जिला बदर और रासुका जैसी कार्रवाई हो। जैसी मांगें शामिल है। एसपी धर्मराज मीना ने बताया कि 15-16 मई की दरमियानी रात गौरक्षकों पर किए गए जानलेवा हमले और गौवंश तस्करी मामले में दो अलग- अलग प्रकरण दर्ज कर, 3 वाहन जब्त किए है। 7 आरोपियों को गिरफ्तार न्यायालय पेश किया है।

## जिला अस्पताल में रक्त की कमी की सूचना मिलते ही जैन युवा संघ ने करवाया 26 यूनिट रक्तदान



**बैतूल।** जिला चिकित्सालय के रक्त विभाग से जैसे ही रक्त की कमी की जानकारी जैन युवा संघ के पदाधिकारियों को दी गई, वैसे ही उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्परता दिखाई। संघ के पदाधिकारी विनीत गोठी और प्रणय मरोठी को अस्पताल से फोन पर रक्त की कमी की सूचना दी गई थी। उन्होंने इसे जीवनदायिनी जिम्मेदारी के रूप में लिया और कुछ ही घंटों के भीतर 26 लोगों से रक्तदान करवाकर रक्त की जरूरत को पूरा कर दिया।

इस पुनीत कार्य में सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। रक्तदान करने वालों में विशाल लोहाड़िया, प्रतिभा लोहाड़िया, अरुण गोठी, साधना गोठी, मुकेश गोठी, यश गोठी, तेजल गोठी, अक्षय सिंह, कुशल मेहता, कवि वाघमारे, कमलेश सोनी, अमित बोथरा, राम शंकर गोहे, हर्षित गोठी, निखिल अग्रवाल, श्वेता जैन, अंकुर तातेड, विनय सुराणा, तनिषा जैन, रचना मेहता, राहुल राठौर, चिराग वोरा, प्रणय मरोठी, विनीत गोठी, रामशंकर गाडगे और सिद्धार्थ गोठी का नाम शामिल है।

इस विशेष रक्तदान में तनीषा जैन, कुशल मेहता और कवि वाघमारे ने पहली बार रक्तदान कर नई मिसाल पेश की। जैन समाज द्वारा आयोजित यह रक्तदान शिविर मोती ज्वेलर्स के सामने लगाया गया था। जैन समाज के लोगों ने रक्तदाताओं को बधाई दी और उनके इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य सतीश पारख ने बताया कि आज 21 मई को बोथरा क्लाथ के सामने शिविर लगाने की योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि बैतूल जिला चिकित्सालय में लगभग हर जरूरतमंद मरीज को समय पर रक्त मिल जाता है।

### शौर्य सम्मान यात्रा की योजना बैठक सम्पन्न



**बीना।** आपरेशन सिन्दूर की सफलता और देश के सम्मान में आयोजित शौर्य सम्मान यात्रा की तैयारी को लेकर आश्यक बैठक शाम 04 बजे से पाञ्चजन्य संघ कार्यालय पर आयोजित की गई बैठक में पूर्व की बैठक की समीक्षा के साथ ही यात्रा की तैयारी को लेकर मातृ शक्ति ने आपस में अपनी जिम्मेदारी तय की और बैठक में उपस्थित मातृ शक्ति ने जो विभिन्नत संगठनो का नेतृत्व कर रही शौर्य सम्मान यात्रा के लिए अधिक से अधिक संख्या में माता बहिन शामिल हो ऐसी जिम्मेदारी आपस में तय की यात्रा शाम 04:30 पर क्रमांक एक स्कूल के पास पाञ्चजन्य संघ से 22 मई को प्रारम्भ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए सर्वोदय चौक अटल मंच पर भारत माता की आरती और उद्बोधन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## नपाध्यक्ष ने गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

गुना।

नगर पालिका परिषद गुना की अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने केंट स्थित गौशाला का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौवंश के लिए गर्मी से बचाव हेतु किए गए इंतजामों की बारीकी से समीक्षा की और संतोष जताया।

अध्यक्ष गुप्ता ने बताया कि विगत दिनों उन्होंने गौशाला में तापमान बढने के कारण गायों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए विशेष निर्देश जारी किए थे, जिसमें पानी के फव्वारे, पंखे एवं कूलर की समुचित व्यवस्था करना शामिल था। आज इसी क्रम में उन्होंने स्थल पर पहुंचकर इन कार्यों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बीते दो वर्षों में केंट गौशाला का व्यापक स्तर पर कायाकल्प किया गया है। यहां सीसी फ्लोरिंग का कार्य, नई बाउंड्रीवाल का निर्माण तथा अधिकांश क्षेत्र में टीनशेड लगवाए गए हैं, जिससे गौवंश को गर्मी, सर्दी और बारिश से बचाव मिल सका है। इसके अलावा साफ-सफाई, चारा-पानी एवं चिकित्सा व्यवस्था में भी निरंतर सुधार किया गया है। अध्यक्ष ने बताया कि गौशाला में वर्तमान में लगभग 145 गायें निवासरत हैं, जिन्हें प्रतिदिन हरा चारा, भूसा और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही, पशु चिकित्सक के माध्यम से नियमित स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जा रहा है।

### सेवा भारती की प्रांत प्रमुख नेहा सेठा का गुना में भ्रमण, महिलाओं के प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण



**गुना।** सेवा भारती की प्रांत आयाम प्रमुख श्रीमती नेहा सेठा का गुना आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने सेवा भारती अन्नपूर्णा भोजनालय परिसर में स्थित जिला कार्यालय का निरीक्षण किया तथा निवेदिता भारती प्रमुख व सह प्रमुखों को प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान उनके साथ सेवा भारती प्रांत कार्यकारिणी सदस्य डॉ. श्वेता अरोरा का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। भ्रमण के अगले चरण में श्रीमती सेठा बतासा वाली गली स्थित राधा ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र पहुंचीं, जहां उन्होंने प्रशिक्षण ले रही महिलाओं और बालिकाओं से संवाद किया। उन्होंने केंद्र की प्रशिक्षण सामग्री की गुणवत्ता को भी परखा और सेवा भारती द्वारा प्रशिक्षण केंद्र को डमी सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## संस्कारों के बीजारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाओं का किया सम्मान

खुरई।

ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों को नैतिक शिक्षा एवं धार्मिक संस्कारों से ओतप्रोत शिक्षा प्रदान करने की दृष्टि से श्रीमती सोनाबाई श्राविकाश्रम के तत्त्वावधान में श्री देव पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन नवीन मन्दिर में आयोजित जिनदेशना बाल संस्कार शिक्षण शिविर का भव्य समापन समारोह अनेकानेक मांगलिक गतिविधियों के साथ प्रारम्भ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में धर्मेन्द्र सेठ विशिष्ट अतिथि के रुप में जयेश मोदी, हर्षिल सेठ एवं विशेष आमंत्रण पर पधारे विद्वान पं. विराग शास्त्री, जबलपुर एवं पं. अमित 'अरिहंत' उपस्थित रहे। बच्चों की कक्षाओं को संचालित करने पधारे विद्वान पं. मोहित शास्त्री (फुटेरा) एवं पं. आर्यन शास्त्री (मड़ावरा) भी मंचासीन रहे। मंगलवार, 13 मई से संचालित सम्पूर्ण शिविर का प्रतिवेदन संयोजक प्रयंक शास्त्री के द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिन्होंने बताया कि इस सम्पूर्ण शिविर में 100 से अधिक बच्चों की उपस्थिति रही एवं परीक्षा में 80 बच्चे सम्मिलित हुए। बालबोध भाग 1 में 45 बच्चों ने मौखिक एवं भाग 2 की लिखित परीक्षा



में 35 बच्चों ने सहभागिता की। भाग 1 की परीक्षा में क्रमशः आरोही जैन प्रथम, रिद्धि जैन द्वितीय एवं पाखी जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, इसी क्रम में भाग 2 में क्रमशः अंशिका जैन ने प्रथम, यशस्वी जैन द्वितीय एवं राशि जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

धार्मिक एवं नैतिक संस्कारों की कक्षा के साथही संस्कृति को सुरक्षित करने की दृष्टि से जिनवाणी सज्जा प्रतियोगिता में नव्या जैन प्रथम, गुनगुन जैन द्वितीय एवं अंशिका जैन तृतीय स्थान पर रहीं तो वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में पाखी जैन प्रथम, रिद्धि जैन द्वितीय एवं पार्श्वी जैन तृतीय स्थान पर रहीं। भेद-प्रभेद चार्ट प्रतियोगिता में यशस्वी जैन प्रथम, अंशिका जैन द्वितीय एवं नव्या जैन तृतीय स्थान पर रहीं। समापन समारोह में मेधावी बच्चों के साथही शिविर में सम्मिलित सभी बच्चों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस अवसर श्रीमंत धर्मेन्द्र सेठ ने शिविर को सफल बनाने हेतु सभी सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की एवं अभिभावकों के प्रति विशेषरुप से आभार व्यक्त किया। इस बाल शिविर में खुरई नगर के अतिरिक्त दिल्ली, मुम्बई, करेली, टीकमगढ़ आदि नगरों के बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविरार्थी रचित जैन ने अपने अनुभव व्यक्त करते हुए कहा कि हम लोगों ने यहां पाप, कषाय, भक्ष्य-अभक्ष्य के साथ-साथ देव-शास्त्र-गुरु के बारे में जाना एवं दैनिक जिनेन्द्र पूजन के माध्यम से पूजन पद्धति को भी जानने का अवसर प्राप्त हुआ। इस प्रकार के शिविरों का आयोजन प्रति वर्ष प्रत्येक नगर में होना चाहिए; जिससे कि हमारी आगामी पीढ़ी संस्कारित हो सके।